वाक्य- विश्लेषण

कक्षा- 10+1

~ डॉ सुनील बहल

वाक्य – विश्लेषण

वाक्य	विश्लेषण
(1) बच्चा सो गया।	बच्चा (कर्त्ता) सो गया (क्रिया)
(2) छात्र पुस्तक पढ़ता है।	छात्र (कर्त्ता) पुस्तक (कर्म) पढ़ता है (क्रिया)
(3) सुरेश बीमार है।	सुरेश (कर्त्ता) बीमार (पूरक) है (क्रिया)

अतः वाक्य में आए अनेक पदों को अलग – अलग करके उनके परस्पर सम्बन्ध को दर्शाना ही 'वाक्य विश्लेषण' है। पहले बताया जा चुका है कि वाक्य के तीन प्रकार हैं (1) साधारण वाक्य (2) संयुक्त वाक्य (3) मिश्रित वाक्य।

इन तीनों का क्रम से विश्लेषण करना सीखेंगे –

(1) साधारण वाक्य का विश्लेषण

साधारण वाक्य का विश्लेषण करते समय निम्नलिखित बातें बतानी चाहिएं।

(1) उद्देश्य
- (क) कर्त्ता
- (ख) कर्त्ता का विस्तार
- (जो विशेषण पद या पदबन्ध कर्त्ता के साथ आएँ)

(2) विधेय
- (क) कर्म
- (ख) कर्म का विस्तार
- (जो विशेषण पद या पदबन्ध कर्म के साथ आएँ)
- (ग) क्रिया पद या पदबन्ध
- (घ) क्रिया विशेषण पद या पदबन्ध
- (ङ) पूरक पद या पदबन्ध

उदाहरण (i) वीर सिपाही ने देखते ही देखते शत्रुओं को मार दिया ।

(ii) धृतराष्ट्र पुत्र दुर्योधन ने दानवीर कर्ण को अंग देश का राजा बना दिया।

(iii) प्रतिभावान किशोर ने यहाँ एक सुन्दर चित्र बनाया।

(iv) वह लड़का बीमार हो गया।

(v) झूठे वायदे करने वाले नेता लोगों का दुःख दर्द क्या जानें।

साधारण वाक्यों के इन उदाहरणों का विश्लेषण इस तरह से होगा

साधारण वाक्य का विश्लेषण

उद्देश्य		विधेय				
कर्त्ता	कर्त्ता का विस्तार	कर्म	कर्म का विस्तार	क्रिया पद	क्रियाविशेषण	पूरक
सिपाही ने	वीर	शत्रुओं को	-	मार दिया	देखते ही देखते	-
दुर्योधन ने	धृतराष्ट्र पुत्र	कर्ण को	दानवीर	बना दिया	-	अंगदेश का राजा
किशोर ने	प्रतिभावान	चित्र	एक सुन्दर	बनाया	यहाँ	-
लड़का	वह	-	-	हो गया	-	बीमार
नेता	झूठे वायदे करने वाले	दुःख दर्द	लोगों का	जानें	क्या	-

संयुक्त वाक्य का विश्लेषण

संयुक्त वाक्य का विश्लेषण करते समय निम्नलिखित बातों का उल्लेख करना चाहिए -

(1) सर्वप्रथम सभी उपवाक्यों को अलग - अलग लिख लें।

(2) फिर प्रधान उपवाक्य तथा समानाधिकरण उपवाक्यों को सुनिश्चित करें।

(3) फिर उपवाक्यों के बीच के आपसी संबंध लिखिए।

(4) उपवाक्यों को जोड़ने वाले योजक लिखिए।

(5) अंत में साधारण वाक्य के विश्लेषण की विधि की तरह ही उद्देश्य तथा विधेय के सभी अंगों को अलग - अलग लिखिए।

उदाहरण -

(i) मेरे सभी रिश्तेदार आज यहाँ से जाएंगे और दिल्ली में लाल किला देखेंगे।

(ii) हमारे अध्यापकों ने सभी विद्यार्थियों को अच्छे ढंग से पढ़ाया था किन्तु हमने ध्यान नहीं दिया।

(iii) गाँव वालों ने बाढ़ के पानी को रोकने की अत्यंत कोशिश की पर वह रुक न सका।

(iv) सुरेन्द्र विद्यालय में गया किन्तु वहाँ अवकाश था इसलिए वह पढ़ न सका।

संयुक्त वाक्य का विश्लेषण

				उद्देश्य		विधेय			
उपवाक्य	उपवाक्य – भेद	संबंध	योजक	कर्त्ता	कर्त्ता – विस्तार	कर्म	कर्म – विस्तार	क्रिया	क्रि०वि० व अन्य क्रि०विस्तारक
1. (क) मेरे सभी रिश्तेदार यहाँ से जाएंगे।	प्रधान उपवाक्य	–	–	रिश्तेदार	मेरे सभी	–	–	जाएंगे	आज यहाँ से
(ख) वे दिल्ली में लाल किला देखेंगे।	समानाधिकरण उपवाक्य	प्रधान उपवाक्य के साथ संयोजक संबंध	और	वे	–	लाल किला	–	देखेंगे	दिल्ली में
2.(क) हमारे अध्यापकों ने सभी विद्यार्थियों को अच्छे ढंग से पढ़ाया था ।	प्रधान उपवाक्य	–	–	अध्यापकों ने	हमारे	विद्यार्थियों को	सभी	पढ़ाया था	अच्छे ढंग से
(ख)हमने ध्यान नहीं दिया।	समानाधिकरण उपवाक्य	प्रधान उपवाक्य के साथ विरोध सूचक संबंध	किन्तु	हमने	–	–	–	ध्यान दिया	नहीं
3.(क) गाँव वालों ने बाढ़ के पानी को रोकने की अत्यंत कोशिश की।	प्रधानउपवाक्य	–	–	गाँव वालों ने	–	पानी को	बाढ़ के	कोशिश की	रोकने की अत्यंत
(ख) वह रुक न सका ।	समानाधिकरण उपवाक्य	प्रधान उपवाक्य के साथ विरोध सूचक संबंध	पर	वह	–	–	–	रुक सका	न
4.(क) सुरेन्द्र विद्यालय में गया।	प्रधान उपवाक्य	–	–	सुरेन्द्र	–	–	–	गया	विद्यालय में
(ख) वहाँ अवकाश था।	पहला समानाधि-करण उपवाक्य	प्रधान उपवाक्य से विरोध सूचक संबंध	किन्तु	अवकाश	–	–	–	था	वहाँ
(ग) वह पढ़ न सका।	दूसरा समानाधि-करण उपवाक्य	प्रधान उपवाक्य से परिणाम सूचक संबंध	इसलिए	वह	–	–	–	पढ़ सका	नहीं

मिश्रित वाक्य का विश्लेषण

मिश्रित वाक्य का विश्लेषण करते समय निम्नलिखित बातों का उल्लेख करना चाहिए-

(1) प्रधान उपवाक्य कौन है।

(2) आश्रित उपवाक्य- संज्ञा उपवाक्य, विशेषण उपवाक्य या क्रिया विशेषण उपवाक्य में से कौन सा है।

(3) आश्रित उपवाक्यों का प्रधान उपवाक्यों से संबंध।

(4) आश्रित उपवाक्यों व प्रधान उपवाक्यों को जोड़ने वाले योजक।

(5) अन्त में साधारण वाक्य के विश्लेषण की तरह उद्देश्य तथा विधेय के सभी अंगों को अलग-अलग लिखें।

विशेष कथन- मिश्रित वाक्य तथा संयुक्त वाक्य के विश्लेषण में अन्तर सिर्फ इतना है कि मिश्रित वाक्य में आश्रित उपवाक्य होते हैं जबकि संयुक्त वाक्य में समानाधिकरण उपवाक्य होते हैं। शेष विश्लेषण की प्रक्रिया दोनों में एक जैसी ही है।

उदाहरण

(i) घबराया हुआ वह नहीं जानता कि उसकी विदेशी कार किसने चुरायी?

(ii) मैं आज नहीं आ सकता क्योंकि मैं बीमार हूँ।

(iii) मुझे ऐसा लगता है कि आज आँधी चलेगी।

(iv) जो कठिन परिश्रम करते हैं वे हमेशा सफलता प्राप्त करते हैं।

(v) जब वह आया तब मैं खाना खा रहा था।

मिश्रित वाक्य का विश्लेषण

उपवाक्य	उपवाक्य – भेद	संबंध	योजक	कर्त्ता	कर्त्ता – विस्तार	कर्म	कर्म – विस्तार	क्रिया	पूरक	क्रियाविशेषण
1. (क) घबराया हुआ वह नहीं जानता।	प्रधान उपवाक्य	–	–	वह	घबराया हुआ	–	–	जानता	–	नहीं
(ख) उसकी विदेशी कार किसने चुरायी?	आश्रित संज्ञा उपवाक्य	'जानता' क्रिया का कर्म	कि	किसने	–	कार	उसकी विदेशी	चुरायी	–	–
2.(क) मैं आज नहीं आ सकता।	प्रधान उपवाक्य	–	–	मैं	–	–	–	नहीं आ सकता	–	आज
(ख) मै बीमार हूँ।	आश्रित क्रिया विशेषण उपवाक्य	कारणवाचक 'आ सका' क्रिया की विशेषता बताता है	क्योंकि	मैं	–	–	–	हूँ	बीमार	–
3.(क) मुझे ऐसा लगता है।	प्रधानउपवाक्य	–	–	मुझे	–	–	–	लगता है	ऐसा	–
(ख) आज आँधी चलेगी।	आश्रित संज्ञा उपवाक्य	'लगता है' क्रिया का कर्त्ता	कि	आँधी	–	–	–	चलेगी	–	आज
4.(क) वे हमेशा सफलता प्राप्त करते हैं।	प्रधान उपवाक्य	–	–	वे	–	–	–	प्राप्त करते हैं	सफलता	–
(ख) जो कठिन परिश्रम करते हैं।	आश्रित विशेषण उपवाक्य	प्रधान उपवाक्य के कर्त्ता 'वे' की विशेषता बता रहा है।	–	जो	–	परिश्रम	कठिन	करते हैं	–	–
5.(क) मैं खाना खा रहा था।	प्रधान उपवाक्य	–	–	मैं	–	खाना	–	खा रहा था	–	तब
(ख) जब वह आया।	आश्रित क्रिया विशेषण उपवाक्य	प्रधान उपवाक्य के कालवाचक क्रिया-विशेषण 'तब' की विशेषता बता रहा है	–	वह	–	–	–	आया	–	जब